कक्षा - 7

विषय - हिंदी

F.M - 80

1. प्रस्तुत पठित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए (5)

मानव जब जोर लगाता है,

पत्थर पानी बन जाता है ।

गुण बड़े एक से एक प्रखर ,

है छिपे मानव के भीतर ,

मेहंदी में जैसे लाली हो ,

वर्तिका बीच उजियाली हो ।

बत्ती जो नहीं जलाता है ,

रोशनी नहीं वह पाता है।

क. प्रस्तुत काव्यांश के कवि और पाठ का नाम लिखिए? 2

ख. प्रस्तुत पंक्तियों के माध्यम से कई हमें क्या सीख देना चाहता है?2

ग. 'वर्तिका' शब्द का अर्थ लिखिए?

2. अपठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्न का उत्तर दीजिए (1×5)

बातचीत एक अच्छी कला है । यह विचारों के आदान-प्रदान की कला है ।यह एक कला है जिसे कोई भी विकसित कर सकता है। हर कोई पेंट नहीं कर सकता तथा संगीत नहीं बजा सकता, लेकिन लगभग हर कोई बात कर सकता है ।इस प्रकार यह सबसे बड़ी संख्या को सबसे बड़ा सुख देता है ।आर. एल. स्लिवर्सन ने कहा है ,"बात करना दुनिया में हमारा मुख्य व्यवसाय है बातचीत अब तक के सुखों में सबसे सुलभ है इसमें पैसे की कोई जरूरत नहीं है ।"यह हमारी शिक्षा पूरी करता है ,दोस्त बनाता है और किसी भी उम्र में इसका आनंद लिया जा सकता है। बातचीत वास्तव में सभी कलाओं में सबसे अधिक सीखने योग्य है। आपको बस एक ऐसा विषय खोजना है जो आपको और आपके श्रोताओं को रुचिकर लगे ।उदाहरण के लिए ,अनगिनत शौक है जिनके बारे में बात करनी है ,लेकिन महत्वपूर्ण बात यह है कि आपको अपने शौक के बजाय दूसरे साथी के शौक के बारे में बात करनी चाहिए ।इसी में आपकी लोकप्रियता का राज है ऐसा कुछ भी नहीं है जो लोगों को इतना पसंद करता हो जितना कि उनकी रुचि में आपकी रुचि । यह जानना भी उतना ही महत्वपूर्ण है की अच्छी बातचीत के लेकिन विषयों से बचना चाहिए और किन विषयों का चयन करना चाहिए।

क. बातचीत का आनंद कब लिया जा सकता है?

ख. लोकप्रियता का राज़ क्या है?

ग. आर . एल.स्लिवर्सन ने क्या कहा है?

घ. दुश्मन का विलोम शब्द गद्यांश में से छांटकर लिखिए।

ड़. बातचीत की कला के बारे में क्या कहा गया है?

3. विलोम शब्द लिखें (1×4)

क. विस्तार

ख. उत्कर्ष

ग. सुगंध

घ. प्रातः

4. निम्नलिखित वाक्यों में से विशेषण और विशेष्य अलग छांट कर लिखें । (2×2) 4

क. गरीब बच्चे रो रहे थे ।

ख. यह झूठा दुकानदार है।

5. कल किसे कहते हैं उदाहरण सहित परिभाषा लिखें? 2

6. नीचे दिए गए समस्त पदों का विग्रह कीजिए (1×4)

समस्त पद

क. स्त्री -पुरुष

ख. पाप -पुण्य

ग. हानि- लाभ

घ. राधा- कृष्ण

7. नीचे दिए गए खाली स्थान में उचित समुच्चयबोधक अव्यय भरते हुए वाक्य को पूरा कीजिए।(केवल चार) (1×4)

( या ,फिर भी ,और ,लेकिन,यदि तो)

क. सुरेश को बुखार था वह स्कूल गया।

ख. नेहा श्वेता बगीचे में घूम रही थी।

ग. मैंने उसे बहुत समझाया उसकी समझ में कुछ नहीं आया।

घ. आप घर आए मिठाई जरूर लेते जाएं।

ड़. आप चाय पसंद करेंगे कॉफी ?

8. नीचे दिए गए शब्द समूह में से तत्सम शब्द पहचानें।(1×4)

क. सिख ,आश्रय ,आसरा

ख. पैर ,सत्य, सच

ग.हस्त,फुल, लोटा

घ. दूध ,पानी ,पत्र

9. वाक्यांशों के लिए एक शब्द लिखें (कोई दो) (1×2) 2

क. जो अपनी ओर खींचे-

ख . जो कम खाता हो -

ग. जो देखने योग्य हो-

10. उचित विराम चिन्ह का प्रयोग कीजिए (1×2)

क. अच्छी कितना गंदा पानी है

ख. क्या आपने पत्रिका पढ़ ली

11. वाक्य में प्रयुक्त कारक का नाम लिखिए (1×2) 2

क. भोला श्यामू से अधिक समझदार था।

ख. अंकित ने बस्तर उठाया।

12. प्रस्तुत वाक्य में क्रिया शब्द चुनकर लिखें।(1×2) 2

क. दुकानदार ने मुझे देखा।

ख. विचारों बच्चे गेट के बाहर खड़े थे।

13. निम्नलिखित प्रश्नों के सही उत्तर चुनकर लिखें (1×5)

क. सज्जन के चाचा के बड़े अच्छे दोस्त कौन थे?

तिवारी जी

डॉक्टर गुप्ता

राजू

डाकिया

ख. अरुणिमा लखनऊ से दिल्ली किस ट्रेन से जा रही थी?

लखनऊ एक्सप्रैस से

पद्मावती एक्सप्रैस से

दिल्ली एक्सप्रैस से

लखनऊ दिल्ली एक्सप्रैस से

ग. किसान अपने भगवान को कहां प्राप्त करता है?

खेतों की मिट्टी में

तीर्थ स्थान में

खेतों की फसलों में

हल और बैलों में

घ. श्यामू किसके लिए उत्कंठित था?

घूमने जाने के लिए

मिठाई खाने के लिए

पतंग उड़ाने के लिए

फिल्म देखने के लिए

ड़. पहले दिन श्यामू ने पिता की जेब से कितने पैसे निकाले?

दुआन्नी

अठन्नी

एक रुपया

चवन्नी

14. शब्दार्थ लिखिए (1×2) 2

क. खटकत

ख. आलिंगन

15. किसने कहा, किसे कहा (2×2) 4

क. तन्मय! तुम यह सवाल मुझसे पूछ रहे हो?-

ख. रस्सी जल गई, पर ऐंठ नहीं गई-

16. सही कथन के आगे सही का चिन्ह एवं गलत कथन के आगे गलत का चिन्ह लगाए का चिन्ह लगाए।(1×4) 4

क. दो महीने तक सिकंदर की सेवा झेलम के किनारे डेरा डाले रही।

ख. राजा अम्भी पुरु के साथ युद्ध लड़ रहा था।

ग. गणपति शैव परिवार का एक प्रमुख देवता है।

घ. गणपति की पूजा केवल महाराष्ट्र में ही की जाती है।

17. लघु उत्तरीय प्रश्न (2×3) 6

क . गणपति का विसर्जन किस प्रकार किया जाता है।

ख. श्यामू को भोले ने मोटी रस्सी का सुझाव क्यों दिया?

ग. सिकंदर की सेवा झेलम क्यों नहीं पार कर पा रही थी?

18. दीर्घ उत्तरीय प्रश्न (4×1) 4

क. किन-किन उदाहरण के द्वारा कवि ने मनुष्य के अंदर छिपे गुना के बारे में बताया है?

19. बढ़ती अनुशासनहीनता के बारे में बताते हुए प्राचार्य को पत्र लिखें .(5)

20. टी.वी और विद्यार्थी पर 150 शब्दों में निबंध लिखें (10 )